नव भारत






## एक नजर में



### अहोम राजवंश का समाधि स्थल मोइदम विश्व धरोहर

**नयी दिल्ली.** असम के चराइदेव जिले में स्थित प्राचीन अहोम राजवंश के टीले वाले समाधि-स्थल मोइदम को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। यह घोषणा यहां चल रही यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की 46वीं बैठक के दौरान शुक्रवार को की गई। असम की मोइदम भारत की 43वीं संपत्ति है, जिसे यूनेस्को की विश्व धरोहरों की सूची में स्थान मिला है.

### चट्टानों में फंसे चालक दल को सुरक्षित बचाया

**नयी दिल्ली.** भारतीय तटरक्षक बल ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में अलीबाग के तट पर फंसे जहाज, बल्क कैरियर जेएसडब्ल्यू रायगढ़ के भारतीय चालक दल के 14 सदस्यों को बचा लिया. बल के मुंबई स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को बृहस्पतिवार को इस जहाज से संकट में फंसने का संदेश मिला था. यह 122 मीटर लंबा जहाज जिसमें भारतीय चालक दल के 14 सदस्य सवार थे, अलीबाग से करीब एक समुद्री मील दूर चट्टानों पर फंस गया.

### बजट के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नयी दिल्ली.** युवा कांग्रेस ने बजट 2024-25 को जन विरोधी बताते हुए शुक्रवार को कहा कि इसमें भेदभाव हुआ है, लोक कल्याण तथा युवा रोजगार के लिए कोई प्रावधान नहीं और सिर्फ कुर्सी बचाने का प्रयास हुआ है। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करते हुए युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा कि बजट संघीय ढांचे के खिलाफ है। इसमें कई राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है तथा जनता के साथ धोखा है.

### सेबी ने माल्या पर 3 साल के लिए लगाया प्रतिबंध

**बेंगलुरु.** कैपिटल मार्केट रेग्युलेटर सेबी ने भगोड़ा कारोबारी विजय माल्या पर देश के सिक्योरिटीज बाजारों या उससे जुड़ी किसी भी कंपनी में कारोबार करने पर तीन वर्ष के लिए रोक लगा दी है. माल्या इस समय ब्रिटेन में रह रहा है और सरकार उसके प्रत्यर्पण के प्रयासों में जुटी है। माल्या की इस समय किंगफिशर बीयर बनाने वाली कंपनी यूनाइटेड ब्रेवरीज में 8.1 प्रतिशत और यूनाइटेड स्प्रिट्स में 0.01 एक प्रतिशत हिस्सेदारी है.

### महाराष्ट्र में कांग्रेस ने गठित की समितियां

**नयी दिल्ली.** कांग्रेस ने महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महा विकास अघाड़ी के साथ बातचीत करने को लेकर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति और मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस समिति का गठन किया है. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर एमवीए के साथ बातचीत करने के लिए महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति और मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस समिति के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी है.

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**24** घंटे बारिश जारी रहने का अनुमान | **18** जिलों में गुरुवार से हो रही भारी बारिश | **05** जिलों में 20 इंच बारिश | **04** दिनों तक पूरे प्रदेश में बाढ़ की आशंका

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 26 जुलाई. मध्यप्रदेश में मानसून एक्टिविटी से भोपाल, गुना, विदिशा और रायसेन समेत 18 जिलों में शुक्रवार को भारी बारिश हो रही है, जिससे सड़कें, नदियां और बांध लबालब हो चुके है. रायसेन में बारना नदी में बाढ़ आने से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है. राजधानी भोपाल में गुरुवार की शाम 5 बजे से शुक्रवार शाम तक बारिश जारी रही. इससे आज सुबह बच्चों को स्कूल जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा. भोपाल संभाग के 5 जिलों में कुल करीबन 20 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है.**



मौसम विभाग ने राज्य में अगले 5 दिनों तक तेज बारिश की संभावना जताई है. भोपाल सहित कई जिलों में जैसे बुरहानपुर, रतलाम, उज्जैन, गुना, ग्वालियर, अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी, मंडला जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. इस बीच भोपाल के बड़ा तालाब समेत बांधों में जलस्तर बढ़ने लगा है. मौसम विज्ञान केन्द्र भोपाल के वैज्ञानिक वेदप्रकाश के अनुसार अलग-अलग मौसम प्रणालियों के सक्रिय होने से प्रदेश के अनेक स्थानों पर बारिश हो रही है. इससे बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं.

भोपाल संभाग के सीहोर, रायसेन, राजगढ़ के अलावा आगर मालवा, सागर, मंदसौर, नीमच, अशोक नगर और गुना में बाढ़ आने की चेतावनी जारी की गई है. जिला प्रशासन की एनडीआरएफ टीमें व अधिकारी एलर्ट मोड पर है. बेतवा, कोलांस, सिंध, नर्मदा, पार्वती आदि समेत कई नदियां उफान पर है. इससे किनारे के कई गांवों में पानी भरने लगा है. अभी तक कही से भी जनहानि की खबर नहीं है. बारिश से रतलाम में पानी घर-दुकानों में घुस गया. खरगौन में नदी पार कर रही एक स्कूली छात्रा को बाढ़ में फंसने से बचा लिया गया. निवाड़ी के पृथ्वीपुर में मकान ढह गया.

### सीहोर के इछावर में चार पहिया वाहनों के लिए मार्ग बंद



जिले की इछावर तहसील अंतर्गत ग्राम ब्रिजिशनगर में तेज बारिश के चलते इछावर-ब्रिजिशनगर मार्ग पर कुछ महीने पहले बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई. पुलिया क्षतिग्रस्त होने के चलते मार्ग की आधी सड़क धंस गई, जिससे मार्ग से चार पहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया. यह सड़क क्षेत्र के 15 गांवों को सीहोर-भैरूंदा मुख्य मार्ग से जोड़ती है. ग्रामीणों ने बताया कि यहां से बवाड़िया, बलोडिया की ओर रास्ता जाता है.

# हार से सबक ले पाकिस्तान

## पीएम मोदी ने कहा-आतंकियों के नापाक इरादे नहीं होंगे पूरे

**श्रीनगर, 26 जुलाई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का आका' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी देश ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है और वह 'आतंकवाद और छद्म युद्ध' की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है.**



श्री मोदी, द्रास में 25वें कारगिल विजय दिवस पर 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है. श्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा, वह (पाकिस्तान) अतीत में हमेशा विफल रहा है लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है. वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है. आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं.

### पीएम मोदी ने कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की. श्री मोदी आज सुबह द्रास पहुंचे और 1999 में युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी. सेना के दिग्गजों ने भी कारगिल युद्ध स्मारक पर वीरों को श्रद्धांजलि दी.

# विधेयक मंजूरी में देरी क्यों?

## केरल और बंगाल के राज्यपालों के मुख्य सचिवों को नोटिस

**नयी दिल्ली, 26 जुलाई (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने केरल और पश्चिम बंगाल के राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने में कथित देरी का आरोप लगाने वाली दोनों राज्य सरकारों की याचिकाओं पर संबंधित राज्यपालों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों को शुक्रवार को नोटिस जारी कर उन्हें तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है.**



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आज दोनों राज्य सरकारों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद याचिकाओं पर विचार करने का फैसला करते हुए यह आदेश पारित किया.

केरल और पश्चिम बंगाल सरकारों ने कई विधेयकों को महीनों तक लंबित रखने, या तो उन्हें मंजूरी देने से इनकार करने या राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखने के दोनों राज्यपालों के फैसले को चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं.

### विक्रेताओं को स्वेच्छा से नाम लिखने की अनुमति

**नयी दिल्ली, 26 जुलाई (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर खाद्य पदार्थों के विक्रेता, होटल मालिकों को अपने और अपने यहां काम करने वाले अन्य कर्मचारियों के नाम सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश पुलिस समेत अन्य के आदेश पर रोक शुक्रवार को पांच अगस्त तक बढ़ा दी. पीठ ने नाम प्रदर्शित करने के आदेशों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद रोक बढ़ाने संबंधी आदेश पारित करते हुए कहा कि यदि कोई स्वैच्छिक रूप नाम प्रदर्शित करना चाहे, तो ऐसा कर सकता है.

# भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का निधन

- सीतामढ़ी में कल होगा अंतिम संस्कार
- मध्य प्रदेश से दो बार राज्य सभा सदस्य रहे

**सीतामाढ़ी. भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा का निधन शुक्रवार की सुबह दिल्ली में हो गया. वह 67 वर्ष के थे. स्व. झा की सीतामाढ़ी में आज अंत्येष्टि होगी। उनके निधन से देशभर के भाजपाइयों में शोक की लहर है.**



स्व. झा जिले के सुरसंड प्रखंड अंतर्गत कोरियाही गांव के रहने वाले थे. वे भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे हैं. मध्य प्रदेश में भाजपा के कद्दावर नेताओं में उनकी गिनती होती थी. मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे. इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष नड्डा, अमित शाह, सीएम मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, जगदीश देवड़ा एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने निधन पर शोक जताया.

### झा का जाना अपूरणीय क्षति : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रभात झा के निधन से अत्यंत दुखी हूं. मैंने उनकी कार्यशैली को बहुत करीब से देखा है कि वे संगठन को सशक्त बनाने में उन्होंने किस प्रकार सक्रिय भूमिका निभाई. जनसेवा के अपने कार्यों के साथ ही उन्होंने पत्रकारिता और लेखन के क्षेत्र में भी अमूल्य योगदान दिया. उन्होंने कहा कि उनके निधन से भाजपा और संगठन को एक अपूरणीय क्षति हुई है. ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें.

### भारत ने आपदा तैयारी केंद्र की अध्यक्षता संभाली

**नयी दिल्ली 26 जुलाई (वार्ता)** आपदा राहत और बचाव के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे भारत ने अंतर्राष्ट्रीय संगठन एशियाई आपदा तैयारी केन्द्र की अध्यक्षता का कार्यभार संभाल लिया है. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य और विभागाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने भारत के प्रतिनिधि के रूप में थाइलैंड के बैंकॉक में बृहस्पतिवार को वर्ष 2024-25 के लिए चीन से इस केन्द्र की अध्यक्षता का कार्यभार संभाला. यह केन्द्र एशिया और प्रशांत क्षेत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने में सहयोग और कार्यान्वयन के लिए एक स्वायत्त अंतर्राष्ट्रीय संगठन है.

# ट्रेन में यात्रियों पर चाय गिरने से 2 की मौत

- थर्मस लेकर चढ़ा वेंडर अफरा-तफरी में गिरी चाय
- करोंदा स्टेशन पर तीन यात्री गंभीर रूप से झुलस गए

**सागर 26 जुलाई.** जिले के बीना रेलवे स्टेशन से 10-15 किमी पहले करोंदा स्टेशन के समीप साप्ताहिक ट्रेन पुणे-गोरखपुर के जनरल कोच में आज शुक्रवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चलती ट्रेन में चाय का थर्मस लेकर चढ़े वेंडर से पूरी की पूरी चाय गेट पर सो रहे यात्रियों पर गिर गई. जिससे तीन यात्री गंभीर रूप से झुलस गए और ट्रेन से गिरे दो युवको की मौत हो गई.वहीं दो का उपचार बीना में चल रहा है तो एक को सागर रैफर किया गया है. इस संबंध में झांसी रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज सिंह ने घटना की पुष्टि की है और बताया है कि रेलवे प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। सुरक्षा में तैनात रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के प्रधान आरक्षक और सहायक उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है।




जीआरपी थाना बीना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह 6.30 मिनिट के बीच पुणे साप्ताहिक ट्रेन के जनरल कोच में अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब चलती ट्रेन में चाय का थर्मस लेकर चढ़ा वेंटर जल्दी-जल्दी में ढक्कन खुला होने के कारण गेट पर बैठे यात्रियों पर चाय गिर गई. जिसमें गेट पर सो रहे विश्वनाथ उम्र 27 वर्ष निवासी गोंडा, मनीष उम्र 25 वर्ष निवासी महाराजगंज पुणे, दीपक उम्र 32 वर्ष निवासी गोरखपुर बुरी तरह से झुलस गए.

### नीट यूजी टॉपर्स की संख्या अब 17 हुई

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं. भौतिकी के एक प्रश्न के अंकों को ध्यान में रखते हुए परिणाम घोषित किए गए, जिसके बारे में एनटीए ने कहा था कि उसके दो उत्तर सही हैं. आज के परिणामों में 17 उम्मीदवार शीर्ष स्थान पर हैं, जबकि संशोधित परिणामों में 61 उम्मीदवार शीर्ष स्थान पर थे. पहले टॉपर घोषित किए गए 67 उम्मीदवारों में से 44 को भौतिकी के उस विशेष प्रश्न के लिए दिए गए अंकों के कारण पूरे अंक मिले थे.

# अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में आरक्षण

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा-सेना को युवा बनाने की योजना

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 26 जुलाई. प्रदेश के अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में राज्य सरकार आरक्षण का लाभ देगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में घोषणा की है. उन्होंने कहा कि आज कारगिल दिवस पर हमारी सरकार ने निर्णय किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार अग्निवीर जवानों को पुलिस एवं सशस्त्र बलों की भर्ती में आरक्षण दिया जाएगा.**




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अग्निवीर जवान की योजना अग्निपथ सच्चे अर्थों में सेना के आधुनिकीकरण के साथ योग्य सैनिकों की भर्ती के अलावा वैश्विक स्तर पर सेना को युवा बनाने की योजना है.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निश्चित ही अग्निपथ योजना देश की ताकत बढ़ाने के साथ ही सामर्थ्यवान युवाओं को सेना से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है. यह रक्षा क्षेत्र की पहली प्राथमिकता और डिफेंस रिफार्म्स का अहम कदम है. मप्र सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी की भावना के अनुसार प्रदेश में अग्निवीर जवानों के लिये आरक्षण के प्रावधान का निर्णय लिया है.

**राज्यों को मिलेगा लाभ** ▶ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति में हुआ निर्णय

# चार हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी

**नयी दिल्ली 25 जुलाई (वार्ता) केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने गुरुवार को विभिन्न राज्यों के लिए करीब 4000 करोड रुपए की कई आपदा शमन और क्षमता निर्माण परियोजनाओं को मंजूरी दी. यहाँ हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक में वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल हुए.**



समिति ने 6 शहरों में शहरी बाढ़ से निपटने, 4 पहाड़ी राज्यों में बादल फटने से आने वाली बाढ़ को कम करने और 3 राज्यों में अग्निशमन सेवाओं को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय आपदा शमन कोष (एन डी एम एफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एन डी आर एफ) से फंडिंग के कुल 09 प्रस्तावों पर विचार किया. समिति ने सभी 28 राज्यों में युवा आपदा मित्र योजना को लागू करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया. सरकार आपदा राहत तंत्र को मजबूत करने के विजन के तहत आपदाओं के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं. भारत में आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूत करके आपदाओं के दौरान जान-माल को होने वाले बड़े नुकसान को रोकने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं. आज हुई बैठक में उच्चस्तरीय समिति ने तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के 06 महानगरों - मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद और पुणे - में शहरी बाढ़ प्रबंधन के लिए 2514.36 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली 06 परियोजनाओं को मंजूरी दी. इससे पहले गत 27 नवंबर को उच्चस्तरीय समिति ने तमिलनाडु राज्य के लिए चेन्नई में 561.29 करोड़ रुपये की लागत से बाढ़ प्रबंधन के लिए एकीकृत समाधान वाले परियोजना प्रस्ताव को मंजूरी दी थी.

> उच्चस्तरीय समिति ने असम, कर्नाटक और तमिलनाडु के लिए राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण योजना के तहत 810.64 करोड़ रुपये के कुल खर्च वाले तीन परियोजना प्रस्तावों को भी मंजूरी दी. केन्द्र सरकार ने इस योजना के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत कुल 5000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं.

# कोर्ट में बोले राहुल-मैं निर्दोष हूं

## अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

**नई दिल्ली, 26 जुलाई.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को विशेष सुरक्षा में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर हुए। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मुकदमे के संबंध में राहुल का बयान दर्ज किया। राहुल ने कोर्ट में कहा मैं निर्दोष हूं ऐसा कोई बयान नहीं दिया, एक राजनीतिक षड्यंत्र उनके खिलाफ रचा गया है. वादी के अधिवक्ता अगली तारीख पर साक्ष्य पेश करेंगे. अगली तारीख पर 12 अगस्त को सुनवाई होगी.



कोर्ट की कार्रवाई के बाद राहुल विशेष वाहन से वे वापस चले गए. कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने वकील संतोष पांडेय के जरिए राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था. जिसमें तलबी के बाद बीती 20 फरवरी को राहुल को कोर्ट ने जमानत दी थी.